(c) Suggestions were made on various usages of geo-synthetics in construction of payment, embankment and protection works and on reduction in duty, etc.

(d) and (e) Such usages have already been made on a limited scale due to high cost of geo-synthetics.

दिल्ली से सिरसा तक राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 10 को चार लेन वाला बनाने के लिए राशि

4231. **श्री रामजीलाल:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली से सिरसा, वाया हिसार के राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 10 को चार लेन वाला बनाने के लिए चालू वर्ष के बजट में कितनी राशि उपलब्ध करवाई गई है;

(ख) यदि हां, तो इस कार्य के कब तक पूरा किये जाने की संभावना है;

(ग) क्या बजट में उक्त प्रावधान राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 10 के लिए पर्याप्त नहीं है; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी०जी०वेंकटरामन): (क) से (घ) हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए 11.00 करोड़ रु० की राशि निर्धारित की गई है। निधियों का आबंटन राज्यवार किया जाता है न कि परियोजना-वार। दिल्ली से सिरसा तक राष्ट्रीय राजमार्ग 10 को चार लेन का बनाए जाने से संबंधित स्थिति इस प्रकार है:—

(i) दिल्ली और बहादुरगढ़ के बीच का खंड पहले से ही चार लेन का है।

(ii) 1997-98 की योजना में हरियाणा में रा०रा०—10 को बहादुरगढ़ से सिरसा तक चार लेन का बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की दुर्दशा

4232. **श्री चरेन्द्र मोहन:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की दुर्दशा के बारे में जानकारी है;

(ख) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में सरकार को इस संबंध में कोई आदेश या निदेश जारी किये हैं;

(ग) उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के रख-रखाव पर खर्च की गई कुल राशि कितनी है तथा वे स्थान कौन से हैं, जहां यह राशि खर्च की गई है; और

(घ) क्या यह सुनिश्चित करने के लिये कि राशि ठीक प्रकार से खर्च की गई, कोई जांच कराई गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी०जी० वेंकटरामन): (क) और (ख) जी नहीं। उपलब्ध निधियों के अंतर्गत सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात योग्य स्थिति में रखा जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात योग्य स्थिति में रखने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को समय-समय पर निर्देश दिए गए हैं/दिए जा रहे हैं।

(ग) राष्ट्रीय राजमार्गों के रख-रखाव और मरम्मत के लिए उत्तर प्रदेश को वर्ष 1995-97 के लिए 3377.40 लाख रु० आबंटित किए गए हैं जिसका पूर्णतः उपयोग कर लिया गया है।

(घ) राज्य सरकार ने किसी अनियमितता की कोई सूचना नहीं दी है, इसलिए जांच का प्रश्न ही नहीं उठता।

Fuel saving by concrete roads

4233. DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether concrete roads can save 20% fuel as experimented by the Central Road Research Institute, National highway Authority of India etc. in Palwal recently; and

(b) if so, the plans envisaged for concretisation of all National Highways to save fuel?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (SHRI T.G. VENKATRAMAN): (a) It is not possible to make a general statement regarding saving in fuel on the basis of limited experiments. Government has not sponsored any exhaustive study on this aspect.